**भारत सरकार**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1749**

**13.02.2023 को उत्तर के लिए**

**एनसीएपी का उद्देश्य**

**1749. श्री महेंद्र सिंह सोलंकी :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या एनसीएपी के लक्ष्यों की प्रगति की निगरानी के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के अंतर्गत कोई राष्ट्रीय स्तर की समिति गठित की गई है;

(ख) यदि हां, तो जनवरी, 2021-अक्तूबर, 2022 के बीच तय लक्ष्यों के समक्ष प्रगति की समीक्षा करने के लिए आयोजित की गई बैठकों का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त राष्ट्रीय स्तर की समिति की अंतिम बैठक की तिथि, कार्यसूची और कार्यवाही मदों का विवरण क्या है; और

(घ) क्या सरकार इस समिति के कार्यक्रम से संबंधित विवरणों को सार्वजनिक करने पर विचार कर रही है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री अश्विनी कुमार चौबे)**

(क), (ख), (ग) और (घ): राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत, 131 शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए विभिन्न हितधारकों द्वारा कार्य योजनाओं के समन्वयन, निगरानी और उनमें हुई प्रगति के मूल्यांकन के लिए निम्नलिखित राष्ट्रीय स्तर की समितियों का गठन किया गया है :

(i) शीर्ष समिति
(ii) संचालन समिति
(iii) निगरानी समिति
(iv) कार्यान्वयन समिति

जनवरी, 2021 से अक्तूबर, 2022 की अवधि के दौरान शीर्ष समिति की 01 बैठक, संचालन समिति की 03 बैठकें, निगरानी समिति की 05 बैठकें और कार्यान्वयन समिति की 06 बैठकें आयोजित की गई हैं।

राष्ट्रीय स्तर की समितियों की पिछली बैठकों की तिथि, कार्यसूची और कार्रवाई हेतु मदों का ब्यौरा **अनुबंध-I** के रूप में संलग्न है।

ऊपर उल्लिखित समितियों की बैठकों के कार्यवृत्त, पब्लिक डोमेन में उपलब्ध कराए जाते हैं और प्राण (PRANA) पोर्टल : https://prana.cpcb.gov.in पर उपलब्ध हैं।

********

**अनुबंध-I**

**एनसीएपी के तहत गठित राष्ट्रीय स्तर की समितियों की पिछली बैठकों की तिथि, कार्यसूची और कार्रवाई हेतु मदों का ब्यौरा**

| क्र.सं. | बैठकें | तिथि | कार्यसूची | कार्रवाई हेतु मदें |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय शीर्ष समिति | 17 दिसंबर, 2021 | एनसीएपी के कार्यान्वयन के लिए समग्र मार्गदर्शन प्रदान करना | • एनसीएपी के तहत निधियों के उपयोग की समीक्षा।<br>• XVवें वित्त आयोग के मिलियन प्लस सिटी चैलेंज फंड के तहत वित्त पोषित शहरों वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा राज्य स्तरीय निगरानी और कार्यान्वयन समिति (एसएलएमआईसी) का गठन।<br>• वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए XVवें वित्त आयोग के अनुदानों के तहत शहरों के लिए अनुदान जारी करने की सिफारिश करने हेतु व्यय विभाग (डीओई) को भेजे जाने वाले प्रस्ताव की समीक्षा।<br>• व्यय विभाग द्वारा जारी प्रचालन संबंधी दिशानिर्देशों के तहत अधिदेशित अनुसार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, राज्य सरकारों और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के बीच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाने की समीक्षा।<br>• वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के उपायों संबंधी राज्य कार्य योजनाओं की स्थिति की समीक्षा।<br>• प्राण (PRANA) पोर्टल पर कार्य योजनाओं और प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा।<br>• राज्य और शहर स्तर की समितियों द्वारा आयोजित बैठकों की समीक्षा। |
| 2. | संचालन समिति | 29 जुलाई, 2022 | एनसीएपी के तहत कार्यकलापों के कार्यान्वयन की निगरानी | • वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए एनसीएपी के तहत 82 शहरों के लिए निधि आवंटन को अनुमोदन।<br>• वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए एनसीएपी के तहत निधियों को जारी और उपयोग करने संबंधी दिशानिर्देशों की समीक्षा।<br>• वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान जारी की गई निधियों के उपयोग की निगरानी।<br>• एनसीएपी कार्यकलापों के कार्यान्वयन के लिए केंद्रीय, राज्य और शहर स्तर पर गठित समितियों की बैठकों के आयोजन की समीक्षा।<br>• राज्यीय और शहरी कार्य योजनाओं की तैयारी की समीक्षा।<br>• प्राण (PRANA) पोर्टल पर प्रगति रिपोर्ट अपलोड करने की समीक्षा। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | • सर्वोत्तम पद्धतियों के संकलन की समीक्षा।<br>• खुले स्थानों को हरा-भरा बनाने के लिए नगर वन योजना और नगर वन वाटिका स्कीम सहित विभिन्न स्कीमों से अभिसरण संसाधनों की समीक्षा। |
| 3. | निगरानी समिति | 21 और 22 दिसंबर, 2022 | एनसीएपी के तहत कार्यकलापों के कार्यान्वयन की निगरानी और समीक्षा | **<u>42 एमपीसी के लिए 22 दिसंबर, 2022</u>**<br>• XVवें वित्त आयोग के अनुदानों के तहत अभिज्ञात शहरी कार्य योजना के अनुसार 42 शहरों द्वारा की गई भौतिक और वित्तीय गतिविधियों की प्रगति की निगरानी<br>• आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय को स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम 2.0) के तहत कार्य योजना की तैयारी की समीक्षा, राज्य स्तरीय निगरानी और कार्यान्वयन समिति की कार्य निष्पादन आकलन रिपोर्ट, अनुदान हस्तांतरण प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना<br>• विभिन्न स्कीमों के अभिसरण के माध्यम से वित्त पोषित कार्यकलापों की निगरानी<br>• शहरों द्वारा कार्य योजनाओं की तैयारी और अद्यतन करने की निगरानी<br>• हॉट्सपॉट की पहचान, लोक शिकायत पोर्टल, आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए कार्य योजनाओं की तैयारी की निगरानी<br>• एक्यूएमसी के कार्य की समीक्षा, राज्य स्तर और जिला स्तर पर निगरानी और कार्यान्वयन समिति की बैठकें आयोजित करना।<br><br>**<u>82 एनएसी के लिए 06 सितंबर, 2022</u>**<br>• कार्य योजनाओं के तहत निधियों के उपयोग और गतिविधियों के कार्यान्वयन की निगरानी<br>• प्राण पोर्टल पर सूक्ष्म विस्तृत वर्णन और अद्यतन करने के साथ वार्षिक कार्य योजनाओं की तैयारी और कार्यान्वयन की निगरानी<br>• शहरों द्वारा कार्य योजनाओं की तैयारी और अद्यतन की निगरानी<br>• शहरों की रैंकिंग संबंधी दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन की निगरानी और स्व-मूल्यांकन रिपोर्ट अपलोड करना<br>• क्षमता निर्माण और जन संपर्क कार्यक्रमों संबंधी दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन की निगरानी<br>• हॉट्सपॉट की पहचान, लोक शिकायत पोर्टल, आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिए कार्य योजनाओं की |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | तैयारी की निगरानी<br>• एक्यूएमसी के कार्य की समीक्षा, राज्य स्तर और जिला स्तर पर निगरानी और कार्यान्वयन समिति की बैठकें आयोजित करना। |
| 4. | कार्यान्वयन समिति | 26 अक्टूबर, 2022 | एनसीएपी के तहत कार्यकलापों के कार्यान्वयन की निगरानी | • शहरों द्वारा निधियों के उपयोग की निगरानी।<br>• एनसीएपी के तहत विभिन्न हितधारकों नामत: सीपीसीबी, एसपीसीबी, यूएलबी द्वारा किए जाने वाले कार्यकलापों की निगरानी।<br>• सीपीसीबी और एसपीसीबी में एनसीएपी दल का सुदृढ़ीकरण। |

*****